सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट रिपोर्ट: द इंडिया स्टोरी

प्रिलिम्स के लिये:

ऑक्सफैम इंटरनेशनल, विश्व आर्थिक मंच, अनौपचारिक क्षेत्र, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, विंडफॉल टैक्स।

मेन्स के लिये:

उचित संसाधन आवंटन के संदर्भ में ऑक्सफैम इंटरनेशनल रिपोर्ट का महत्त्व।

चर्चा में क्यों?

ऑक्सफैम की रिपोर्ट **"सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट: द इंडिया स्टोरी"** के अनुसार, भारत में सबसे अमीर 1% आबादी के पास देश की कुल संपत्ति का 40% से अधिक हिस्सा है, **जबकि एक-साथ वर्ष 2012 और 2021 के दौरान नीचे की आधी आबादी की संपत्ति में हिस्सेदारी मात्र 3% रही।**

- **ऑक्सफैम इंटरनेशनल** ने दावोस में **विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक** के पहले दिन भारत के संदर्भ में अपनी वार्षिक असमानता रिपोर्ट भी जारी की।
- रिपोर्ट के अनुसार, **भारत के शीर्ष 10 सबसे धनी व्यक्तियों पर 5% कर लगाने** से बच्चों को स्कूल में पुनः नामांकित करने के लिये पर्याप्त धन मिल सकता है।

//

प्रमुख बिंदु

- **लैंगिक असमानता:**
  - रिपोर्ट में भारत में लैंगिक असमानता पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसमें कहा गया है कि **पुरुष श्रमिकों द्वारा अर्जित प्रति 1 रुपए के मामले में महिला श्रमिकों को केवल 63 पैसे मिलते हैं।**
  - सामाजिक-आर्थिक रूप से बेहतर स्थिति वाले लोगों की तुलना **में वर्ष 2018 और 2019 में अनुसूचित जाति** और **ग्रामीण मज़दूरों** की हिस्सेदारी क्रमशः 55% और 50% ही रही।
- **सामाजिक असमानता:**
  - **ऑक्सफैम इंडिया** के अनुसार, **सिर्फ सबसे अमीर लोगों को प्राथमिकता दिये जाने** के कारण **देश में हाशिये पर रहने वाले समुदाय** जैसे- **दलित, आदिवासी, मुस्लिम, महिलाएँ और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिक** पीड़ित हैं।
  - भारत में अमीरों की तुलना में गरीब **असमान रूप से उच्च करों का भुगतान कर रहे हैं** और आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर अधिक खर्च कर रहे हैं।
- **असमानता कम करने के लिये सुझाए गए उपाय:**
  - **असमानता को कम करने** और सामाजिक कार्यक्रमों के लिये **राजस्व की व्यवस्था** करने के लिये **विरासत, संपत्ति और भूमि करों के साथ-साथ शुद्ध संपत्ति पर करों का लागू किया जाना।**
  - **राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति** में परिकल्पित वर्ष 2025 तक **स्वास्थ्य क्षेत्र के बजटीय आवंटन को सकल घरेलू उत्पाद का 2.5% तक करना।**
  - **शिक्षा** के लिये **बजटीय आवंटन** को **सकल घरेलू उत्पाद के 6% के वैश्विक बेंचमार्क/मानदंड** तक बढ़ाना।
  - ऑक्सफैम ने इन मुद्दों के हल के रूप में **अमीरों पर करों में वृद्धि करने का** तर्क दिया, **एकमुश्त कर के कार्यान्वयन की व्यवस्था** हो और एक **न्यूनतम कर दर का निर्धारण** भी हो।
  - ऑक्सफैम इंटरनेशनल ने उन खाद्य कंपनियों का आह्वान किया है जो मुद्रास्फीति बढ़ने के कारण अधिक मुनाफा कमा रही हैं, उन्हें **अप्रत्याशित करों (विंडफॉल टैक्स)** का सामना करना पड़ेगा।
    - इसके पीछे विचार यह है कि इन कंपनियों को खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से लाभ हुआ है तथा उन्हें **गरीबी** और **असमानता** को दूर करने में मदद के लिये उचित योगदान देना चाहिये।
    - यह उपाय गरीबी और असमानता को कम करने में मदद करने वाले सामाजिक कार्यक्रमों का समर्थन करने हेतु सरकारों के लिये राजस्व उत्पन्न कर सकता है।
    - पुर्तगाल ने सुपरमार्केट तथा हाइपरमार्केट शृंखला सहित ऊर्जा कंपनियों एवं प्रमुख खाद्य खुदरा विक्रेताओं दोनों पर अप्रत्याशित कर पेश किये।
- **आँकड़ों के स्रोत:**

- यह रिपोर्ट देश में संपत्ति की असमानता और अरबपतियों की संपत्ति के बारे में जानकारी के लिये **फोर्ब्स** एवं **क्रेडिट सुइस** सहित कई स्रोतों के आँकड़ों पर आधारित है।
- इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (NSS), केंद्रीय बजट दस्तावेज़ और **संसदीय प्रश्नों** जैसे सरकारी स्रोतों का उपयोग पूरी रिपोर्ट में दिये गए तर्कों की पुष्टि करने के लिये किया गया है।

विंडफॉल टैक्स:

- विंडफॉल टैक्स/अप्रत्याशित कर अप्रत्याशित या असाधारण लाभ पर लगाए गए कर हैं, जो कि **आर्थिक संकट**, **युद्ध** या प्राकृतिक आपदाओं के समय प्राप्त किये गए हैं।
- सरकारें आमतौर पर ऐसे लाभ पर कर की सामान्य दरों के अलावा **पूर्वव्यापी रूप से एक बार कर लगाती हैं, जिसे विंडफॉल टैक्स** कहा जाता है।
- एक क्षेत्र जहाँ इस तरह के करों पर नियमित रूप से चर्चा की गई है, वह तेल बाज़ार है, जहाँ मूल्यों में उतार-चढ़ाव उद्योग को **अस्थिर या अनियमित मुनाफे** की ओर ले जाता है।

ऑक्सफैम इंटरनेशनल:

- **ऑक्सफैम इंटरनेशनल 21 स्वतंत्र धर्मार्थ संगठनों का एक संघ है** जो **90 से अधिक देशों में** भागीदारों और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम कर रहे है।
- इस मिशन का उद्देश्य **गरीबी** उत्पन्न करने वाले **अन्याय** को समाप्त करना है।
- ऑक्सफैम लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और विकसित बनाने के लिये **व्यावहारिक एवं अभिनव माध्यमों** से कार्य करता है।
- **संकट आने पर** वे **जीवन का बचाव** और **आजीविका** के पुनर्निर्माण में मदद करते हैं।
- वे अभियान चलाते हैं ताकि **गरीबों की आवाज़** उन **स्थानीय और वैश्विक निर्णयों** को प्रभावित करे जो उन्हें प्रभावित करते हैं।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/survival-of-the-richest-report-the-india-story